

## रिकी पॉन्टिंग से आगे निकल सकते हैं विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज और भारत के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज गुरुवार से होगा। इसके साथ ही भारत टेस्ट चौंपियनशिप के अपने सफर का आगाज करेगा। कोहली साफ कर चुके हैं कि टेस्ट चौंपियनशिप से क्रिकेट के इस सबसे पुराने प्रारूप में लोगों की दिलचस्पी बढ़ेगी। कोहली का लक्ष्य इस सीरीज से पूरे 120 अंक हासिल करना होगा। इसके साथ ही उनके पास ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पॉन्टिंग से आगे निकलने का भी मौका होगा। भारतीय टीम ने आखिरी बार दिसंबर–जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके बाद खिलाड़ी लगातार सीमित ओवरों के प्रारूप में नजर आ रहे हैं। पहला टेस्ट नॉर्थ साउंड, एंटीगा में खेला जाएगा। वनडे सीरीज में कोहली ने दो शतक लगाए थे और टेस्ट सीरीज में उनकी कोशिश अपनी फॉर्म को जारी रखने की होगी। कोहली के नाम अभी बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट के 46 मैचों में 18 शतक हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग के 19 से सिर्फ एक शतक पीछे हैं। इस सूची में हालांकि साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ टॉप पर हैं जिनके नाम बतौर कप्तान 109 टेस्ट मैचों में 25 शतक हैं।

# वर्ल्ड कप फाइनल में ओवरथ्रो को डेड बॉल देना चाहिए थाः वॉर्न

### विश्व कप फाइनल में अंपायरों द्वारा उस गेंद पर लिए गए फैसले की होगी समीक्षा

**सीधी बात**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर और एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति के सदस्य शेन वॉर्न का मानना है कि आईसीसी वर्ल्ड कप–2019 के फाइनल में बेन स्टोक्स को लगने वाली थ्रो को डेड बॉल दिया जाना चाहिए था। वॉर्न जिस समिति में शामिल हैं वो विश्व कप फाइनल में अंपायरों द्वारा उस गेंद पर लिए गए फैसले की समीक्षा भी करेगी।

वर्ल्ड कप–2019 के फाइनल में ओवरथ्रो पर इंग्लैंड को दिए गए चार रन काफी विवादास्पद रहे जो न्यू जीलैंड पर जीत में निर्णायक साबित हुए। फाइनल मैच में 242 रनों का पीछा कर रहे इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवर में दो रन दौड़कर लिए थे और दूसरा रन लेने के दौरान फील्डर का थ्रो बेन स्टोक्स के बल्ले से लगकर बाउंड्री पार चला गया था। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने साथी अंपायरों से बात करने के बाद 6 रन इंग्लैंड को दिए।



वॉर्न ने आईएएनएस से कहा, 'मैं उस समिति में हूं जो इसकी समीक्षा कर रही है। मुझे लगता है कि खेल का कानून बहुत सही है। मैंने सुझाव दिया कि बल्लेबाज के शरीर पर लगते ही गेंद डेड बॉल होनी चाहिए, चाहे वह बाउंड्री पर जाए या नहीं। यह एक डेड बॉल होनी चाहिए और आप दौड़ नहीं सकते। मुझे लगता है कि यही खेल भावना है।' वॉर्न आईसीसी टेस्ट चौंपियनशिप को लेकर भी बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप पसंद है। मैं चाहता हूं कि आईसीसी ने इसकी अधिक मार्केटिंग की होती, थोड़ा और पैसा लगाया होता ताकि इसे अधिक प्रमोट कर पाते। इसके कारण सभी टेस्ट अहम हुए हैं। मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में वे इसे सही कर लेंगे क्योंकि मुझे नहीं लगता कि उन्होंने इस बार इसे पूरी तरह से सही से लागू किया है।'

उन्होंने कहा कि उन्हें टेस्ट मैच की जर्सी के पीछे लगे नंबर और नाम अच्छे लगे। वॉर्न ने कहा, 'मुझे टेस्ट क्रिकेट में नंबरों से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मुझे लगता है कि इससे प्रशंसकों के लिए खिलाड़ियों की पहचान करना आसान है इसलिए मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है। मुझे लगता है कि यह जंपर्स पर भी होना चाहिए था क्योंकि खिलाड़ियों के जंपर्स पहनने के बाद आप उनके नंबर नहीं देख सकते।'

# अनिल कुंबले को बनाना चाहिए टीम इंडिया का मुख्य चयनकर्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वीरेंदर सहवाग ने अनिल कुंबले को मुख्य चयनकर्ता बनाने की सिफारिश की है। सहवाग ने कहा कि पूर्व कप्तान की खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने की खूबी उन्हें मुख्य चयनकर्ता का प्रबल दावेदार बनाती है। सहवाग ने इसके साथ ही इस काम के लिए पैसे बढ़ाने की भी बात कही।

हमेशा खुलकर अपनी बात कहने वाले सहवाग ने कहा कि बीसीसीआई को चयन समिति को अधिक भुगतान करने की जरूरत है। वीरेंदर सहवाग ने ये बातें एक नए मोबाइल ऐप द सिलेक्टर्स के लॉन्च के मौके

**■मुख्य चयनकर्ता की सैलरी भी बढ़ाए बीसीसीआई: सहवाग**

पर कहीं।

एमएसके प्रसाद की अध्यक्षता वाली मौजूदा चयनसमिति को अकसर लाइटवेट होने का आरोप झेलना पड़ता है। इस पूरी चयन समिति के पास कुल मिलाकर 13 टेस्ट मैचों का अनुभव है। सहवाग ने कहा, 'मुझे लगता है कि कुंबले मुख्य चयनकर्ता के पद के लिए बिलकुल सही उम्मीदवार होंगे। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने बतौर खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर, सौरभ गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे लोगों से बात की है और कोच के रूप में युवाओं से उनका संवाद रहा है। सहवाग ने कहा, जब मैंने कमबैक किया (ऑस्ट्रेलिया सीरीज 2007–08), तो कप्तान कुंबले मेरे कमरे में आए और कहा तुम अगली दो सीरीज तक ड्रॉप नहीं होगे। खिलाड़ी को इसी तरह के भरोसे की जरूरत होती है।

उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वह नहीं समझते कि कुंबले इस काम के लिए राजी होंगे क्योंकि मुख्य चयनकर्ता को 1 करोड़ रुपये साल का भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई को यह रकम बढ़ानी चाहिए। इसके बाद कई खिलाड़ी इस काम के लिए राजी होंगे। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह यह जॉब करेंगे तो उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत ज्यादा पाबंदियां पसंद नहीं हैं।

## ब्राजीली मूल का एलिक्सन चीन की राष्ट्रीय फुटबाल टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शंघाई। चीन ने विश्व कप के अपने पहले क्वालीफायर मैच के लिये बुधवार को ब्राजीली मूल के खिलाड़ी एलिक्सन को अपनी राष्ट्रीय टीम में चुना। इस तरह से वह चीनी फुटबाल टीम का हिस्सा बनने वाले पहले ऐसे खिलाड़ी बन गये हैं जिनकी चीन से कभी कोई रिश्ता नहीं रहा है। कोच मार्सेलो लिप्पी के इस फैसले ने चीनी फुटबाल प्रेमियों और विशेषज्ञों को दो भागों में बांट दिया है। लिप्पी हालांकि चीन को दूसरी बार विश्व कप का हिस्सा बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले लंदन में जन्में मिडफील्डर निको येनारीस को चीनी टीम में शामिल किया गया था। बीजिंग गुआआन के खिलाड़ी ने चीनी नाम ली के के नाम से इस साल जून में चीन की तरफ से पदार्पण किया था। आर्सनल के इस पूर्व खिलाड़ी की मां चीनी मूल की है। एलिक्सन 2013 से चीन में खेल रहे हैं और इस आधार पर उन्होंने इस देश की तरफ से खेलने का अधिकार हासिल किया। उन्होंने चीनी सुपर लीग में 150 मैचों में 100 गोल किये हैं।

## न्यूज डायरी




### भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओलिंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने राउंड रॉबिन चरण में मिली हार का बदला चुकता करते हुए न्यू जीलैंड को फाइनल में 5–0 से हराकर ओलिंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीत लिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवां मिनट) ने पहला गोल किया जबकि शमशेर सिंह (18वां), नीलाकांता शर्मा (22वां), गुरसाहिबजीत सिंह (26वां) और मनदीप सिंह (27वां) ने बाकी गोल दागे। भारत को राउंड राबिन चरण में न्यू जीलैंड ने 1–2 से हराया था। दोनों टीमों ने संभलकर खेलना शुरू किया। भारत को सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला जिस पर गोल नहीं हो सका लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने उसी मिनट मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण जारी रखा और पहले क्वॉर्टर में 1–0 की बढ़त कायम रही। शमशेर ने 18वें मिनट में भारत के लिए दूसरा गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।

### विवाद के कारण पुरस्कार समिति की बैठक से हटने का फैसला कियाः मेरी कॉम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मेरी कॉम द्रोणाचार्य पुरस्कार चयन समिति और ट्रायल संबंधित विवादों से काफी नाराज दिखीं और उन्होंने कहा कि इनका सीधा असर उन पर पड़ता है। ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता मेरी कॉम ने द्रोणाचार्य पुरस्कार चयन समिति की शनिवार को हुई बैठक से खुद को अलग कर लिया। उनके कोच छोटेलाल यादव इस पुरस्कार की दौड़ में थे। चयन पैनल में मेरी कॉम के शामिल होने की आलोचना हो रही थी। मुक्केबाजी महासंघ ने यादव का नाम मेरी कॉम की सलाह पर भेजा था। इसके बारे में पूछने पर राज्यसभा सदस्य मेरी कॉम ने यहां अखिल भारतीय गेमिंग महासंघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा, 'पहले विवाद खड़ा कर दिया, फिर इस पर सवाल पूछे जा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं पहले भी चेयरमैन (पुरस्कार चयन समिति में) थी, इस बार भी मैं चयन समिति में थी। दूसरी बार मैं समिति में थी। उस समय, उन दिनों में क्या कोई विवाद हुआ था? मैंने कई कोचों की भी सिफारिश की थी, इस बार क्या हुआ, पता नहीं।

### नागल अमेरिकी ओपन क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। भारत के युवा टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अमेरिकी ओपन क्वॉलिफायर में जापान के तत्सुम इतो को सीधे सेटों में हराकर ग्रैंडस्लैम क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। नागल ने 133वीं रैंकिंग वाले अपने प्रतिद्वंद्वी को एक घंटे 52 मिनट तक चले मुकाबले में 7–6, 6–2 से हराया। पिछले साल वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और विम्बलडन क्वॉलिफाइंग दौर के मुकाबले खेले थे लेकिन एक भी जीत दर्ज नहीं कर सके। उनका सामना अब विश्व रैंकिंग में 192वें स्थान पर काबिज कनाडा के पीटर पोलांस्की से होगा। महिला एकल क्वालीफाइंग वर्ग के दूसरे दौर में अंकिता रैना की टक्कर चेक गणराज्य की डेनिसा एलर्टोवा से होगी।

### पेयरे से हारकर प्रजनेश विंस्टन सेलम ओपन से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नार्थ कैरोलिना, 21 अगस्त (भाषा) प्रजनेश गुणेश्वरन दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी बेनोइत पेयरे से दूसरे दौर में हारकर विंस्टन सेलम ओपन एटीपी 250 टूर्नामेंट से बाहर हो गए । विश्व रैंकिंग में 89वें स्थान पर काबिज गुणेश्वरन को फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी ने 6 . 3, 7 . 5 से हराया । पेयरे ने गुणेश्वरन की तुलना में अधिक डबलफाल्ट किये लेकिन 14 ऐस लगाये जबकि भारतीय ने तीन ऐस जड़े । युगल वर्ग में वाइल्डकार्ड धारक लिएंडर पेस और इस्राइल के जोनाथन एलरिच पहले ही दौर में हार गए। उन्हें राजीव राम और जो सालिस्बरी ने 6 . 2, 6 . 3 से मात दी ।